फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री लक्ष्मण सिंह पिता श्री भादुसिंह रावत निवासी राजवा तहसील व जिला राजसमन्द वर्तमान जिला ब्यावर

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 पत्रावली संख्या 20/2024

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 02.05.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से जरिये क्रमांक :– सू0अ0,05 / 2024/213–14 दिनांक 19.03.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री लक्ष्मण सिंह पिता भादु सिंह रावत नि0 राजवा तहसील ब्यावर अपीलार्थी बनाम लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम के संबंध में अपीलार्थी द्वारा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी भीम में विचाराधीन प्रकरण बअनवान हजारी सिंह बनाम लक्ष्मण सिंह मुकदमा नम्बर 125/2017 प्रार्थना पत्र पेश हो रखा है जिसमें ऑर्डरशीट की नकल, प्रार्थना पत्र की नकल का जवाब व प्रार्थना पत्र में लगे दस्तावेजों व प्रार्थना पत्र में हुए आदेश/निर्णय की प्रमाणित प्रतिलिपि चाही गयी है, उक्त प्रार्थना पत्र में कब निर्णय पारित हुआ है, इस संबंध में अपीलार्थी द्वारा निर्णय तारीख से अवगत नहीं कराया गया है इस हेतु अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 149 दिनांक 12.02.2024 द्वारा सूचित किया जा चुका है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना के संबंध में अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी कार्यालय समय में उपस्थित होकर रिकार्ड का अवलोकन कर वांछित सूचना प्राप्त करें। अतः उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर (राज.)